हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

आत्मागोड़ सामाज, घोयनाबाहरा 12

बस स्टैंड, कोमाखान 12


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# वापस नहीं लौटा मानसून, खत्म हो गया वर्षाकाल, रात में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अभी मानसून की वापसी नहीं हुई है लेकिन, मानसून सत्र अब समाप्त हो गया है। मानसून सत्र समाप्त होने के साथ ही अब धीरे-धीरे मौसम में बदलाव होगा तथा रात की अवधि बढ़ने के साथ ठंडक देने लगी है। मानसून सीजन के समाप्त होते ही जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका गया है। वहीं रात के तापमान में भी दो डिग्री का उछाल आया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में हल्की बारिश देखने को मिल सकती है, लेकिन मौसम शुष्क ही बना रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग ने इस बार मानसून के निर्धारित समय पर दस्तक देने के साथ ही सामान्य से अधिक वर्षा होने की मानसून पूर्व घोषणा की थी। जुलाई के महीने में इतनी कम वर्षा हुई कि शहर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई। स्थिति देखकर किसानों के चेहरे पर मायूसी छाने लगी तथा अकाल जैसी स्थिति निर्मित होने लगी। जुलाई के दूसरे पखवाड़े में मानसून मेहरबान हुआ तथा अगस्त के अंत तक अच्छी वर्षा होती रही। सितंबर में भी वर्षा का क्रम जारी रहा।

अनुकूल परिस्थितियां निर्मित होने के कारण इस बार धान सहित अन्य खरीफ फसलों की पर्याप्त उपज होने की उम्मीद है। लेकिन, अब प्रदेश में मानसूनी तंत्र कमजोर हो गया है। हालांकि इस बीच मानसून की वापसी पर एक-दो जगह पर हल्की-मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम में तापमान के आंकड़े देखे तो दिन और रात दोनों ही तापमान सामान्य से अधिकता पर आ गए हैं। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है।

## बारिश थमते ही अधिकतम तापमान पहुंचा 33 पार, लोग उमस से हलाकान

### चौकानें वाले रहे बारिश के आकड़े

भले ही जिले का औसत बारिश 8.6 फीसदी कम रहीं हो। लेकिन, तहसीलों के आंकड़े चौकाने वाले हैं। आंकड़ों के अनुसार पिथौरा और बागबाहरा तहसील में इस बार वर्षा का स्तर 100 फीसदी से ज्यादा रहा तो अन्य तहसीलों में इससे बेहद कम वर्षा हुई। कोमाखान, बसना में 12 फीसदी कम और महासमुंद, सरायपाली तहसील में बारिश का प्रतिशत 30 तक कम रहा। जिले में अब तक 974.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि, बीते वर्ष 1072 एमएम वर्षा हुई थी।



### हवा की दिशा बदलने से बढ़ेगी ठंड

मौसम विज्ञानी 10 दिन के भीतर मानसून के मध्यभारत से विदा होने का अनुमान लगा रहे हैं। अंतिम समय में मानसून की तरंगे कमजोर पड़ जाती है। हवा की दिशा भी बदल जाती है। खाड़ी से चलने वाली पूर्वी अवदाब कमजोर पड़ जाती है तथा पश्चिम की व्यापारिक हवाएं तीव्र होकर पूर्वी हवा को खाड़ी की ओर वापस कर देती है। इसी गतिविधि को मानसून की वापसी कहा जाता है। अब पछुआ विक्षोभ की सक्रियता होने पर वर्षा होगी, जो ठंड को बढ़ाएगी।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मेन रोड ग्राम दुधीपाली के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद नाला के पास मेन रोड ग्राम दुधीपाली से आरोपी नान दाउ रात्रे पिता भगवानो रात्रे (30 साल) छोटे पटनी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में एक पांच लीटर वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरकीन में भरी करीबन 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मंदिर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** मंदिर में पूजा करने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। सरायपाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सतीश कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 03 सरायपाली 4 अक्टूबर को अपनी मोटर सायकल सीडी डान क्र सीजी 06 जीजी 6606 से दुर्गा मंदिर सरायपाली में नवरात्रि की पूजा करने रात करीबन 9:30 बजे गए थे। मंदिर से पूजा कर लगभग रात 10:15 बजे बाहर वापस आने पर बाइक नहीं थी।

### सूने मकान में तोड़फोड़

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने चाचा के सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डगनिया निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है। उसके चाचा भोपाल गए हुए हैं। महेश को अपने पड़ोसी के माध्यम से पता चला कि अज्ञात चोर उसके चाचा के मकान में चोरी की नीयत से घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसा और घर में लगी खिड़की का कांच तोड़ने के साथ अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि चोर ने घर में किसी तरह की चोरी नहीं की है।

### चाकू से जानलेवा हमला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले महीने मामूली बात में चाकू से जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पवित्रो यादव तथा उसके साथियों पर आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में सुमेध कुमार हुमने उर्फ सुमेर को गिरफ्तार किया है। सुमेध ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 24 सितंबर को पवित्रो तथा उसके अन्य साथियों पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल मैदान के पास चाकू से हमला किया था।

### मुख्य मार्ग से हटाये ठेला-गुमटी

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने अमलीडीह मुख्य मार्ग में सड़क घेरकर लगाये गये ठेलों, गुमटियों को हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों में डस्टबिन नही रखने और कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजभोग रेस्टोरेंट में गंदगी पाये जाने और सड़क मार्ग पर पार्किंग करने पर 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

## खुलासा: लापता युवक को खेत में दफनाए जाने का मामला

# सूअर मारने लगाया करंट, फंस कर युवक की मौत, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लापता युवक की खेत में दबी लाश मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिथौरा क्षेत्र के अमलीडीह से नदारद युवक की लाश 27 सितंबर को पितांबर ध्रुव के खेत की मेड़ में दबा मिला था। जिसके बाद उसने भी जहर सेवन कर लिया था।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खेत में घुस रहे सूअरों को मारने के लिए करंट प्रवाहित किया था जिसकी चपेट में मृतक आ गया जिसके बाद आरोपियों ने आनन-फानन में खेत की मेड़ में ही दफना दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतक खिलेश्वर उर्फ मन्नू साहू पिता मदनलाल साहू (34 साल) 23 सितंबर की सुबह 9 बजे से घर से लापता था।

27 सितंबर को पीतांबर धुव के खेत के मेड़ से खिलेश्वर साहू उर्फ मन्नू का शव मिला। मामले में पुलिस मृतक के संबंध अथवा द्वेष रखने वाले गांव अमलीडीह के हर संभावित संदेही पर निगाह रखकर गांव के 10-12 संदेहियों से सघन पूछताछ की। इसी बीच जानकारी प्राप्त हुई कि संदेही पीतांबर ध्रुव जहर सेवन कर जिला अस्पताल में भर्ती है जिसे पूछताछ के दौरान बार-बार बयान बदलता रहा और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा। पूछताछ में पीतांबर ने अपने दो साथियों विद्याधर सिन्हा, कृष्ण कुमार पटेल के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया और विवेचना के दौरान संदेही पीतांबर ध्रुव उर्फ नजरू पिता बिरसिंह ध्रुव (49 साल) अमलीडीह, विद्याधर सिन्हा उर्फ दोलो पिता मन्नूराम सिन्हा उम्र 40 साल अमलीडीह, कृष्ण कुमार पटेल उर्फ मुन्नु पिता शोभाराम पटेल (56 साल) निवासी अमलीडीह से पूछताछ की गई। आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त खुला तार, वायर, मोटर सायकल, फावड़ा जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



### यह हुआ था उस रात मृतक के साथ

कृष्ण कुमार पटेल, विद्याधर सिन्हा, धनसाय सिन्हा के खेतों में लगी मूंगफली का फसल को जंगली सुअर नुकसान पहुंचा रहे थे। 23 सितंबर को तीनों संदेही आपस में बातचीत कर जंगली सुअर को मारने के लिये पीतांबर ध्रुव के घर में रखे खुले तार को लाकर उसके बोर के सर्किट से बिजली करंट प्रवाहित किया। इसी शाम को कृष्ण कुमार पटेल द्वारा पीतांबर ध्रुव एवं विद्याधर सिन्हा को अपने मोटर सायकल में बिठाकर ग्राम अमलीडीह जाने वाली कच्ची सड़क के पास स्थित विद्याधर सिन्हा के झोपड़ीनुमा मकान के पास लाकर छोड़ दिया और तुम लोग तार लगाओ कहकर घर चले गए। इसके बाद पीतांबर और विद्याधर सिन्हा दोनों मिलकर लकड़ी की खूंटी गड़ाकर उसमें झटका तार को लपेटकर टिकरा में लगाकर विद्याधर सिन्हा के झोपड़ीनुमा मकान के सामने जाकर कच्ची सड़क में बैठकर मोबाईल देख रहे थे कि रात्रि करीब 9.30 बजे मृतक मोबाईल चलाते हुए खेत तरफ जा रहा था, तब पीतांबर और विद्याधर ने उसे आवाज दी तो वह जल्दी-जल्दी खेत से होते हुए टिकरा तरफ सेनहा पेड़ के पास गया। पीतांबर एवं विद्याधर पहुंचकर देखे तो एक व्यक्ति मुंह के बल पड़ा था, दोनों पैर तार में फंसा हुआ था और उसकी मौत हो गई और उसे पलटाकर देखे तो अमलीडीह का खिलेश्वर उर्फ मन्नू साहू था, उसे देखकर आरोपियों ने मोबाईल से कृष्णा पटेल को फोन लगाकर बताया कि मन्नू साहू करंट से मर गया है। फिर आरोपियों ने झोपड़ी से सफेद झिल्ली, एक प्लास्टिक बोरी, फावड़ा लेकर टिकरा के सेनहा पेड़ के पास गए और मृतक को झिल्ली में लपेटकर दोनों उठाकर खेत के मेड़ में ले जाकर गड्ढा में पाट दिये और उसके ऊपर बड़ा सा पत्थर डालकर फावड़ा से मिट्टी खोदकर उसके ऊपर मिट्टी डालकर अपने-अपने घर चले गए।

# अनुंबध की बजाय अन्यत्र लगाया जा रहा था टावर, लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मोबाईल टावर लगाने के लिए ठेका

- जांच में सामने आई ठेका कंपनी की जालसाजी, शिकायत के बाद विरोध में दिया धरना



कंपनी ने जिसके साथ अनुबंध किया उसके कागजात लगाकर अन्य स्थान पर टावर लगाए जाने की तैयारी का मामला सामने आया है। कंपनी ने पालिका से एनओसी के लिए जिसके साथ करार किया उसकी जमीन दिखाने की बजाय पालिका कर्मियों को झांसा देते हुए दूसरी जगह दिखाकर एनओसी ले ली। अनुबंधित खसरे के स्थान पर अन्यत्र रातों रात टावर लगाए जाने की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अफसर भी की जा रही हेराफेरी से अवगत होकर हतप्रभ रह गए।

दरअसल पालिका अंतर्गत इमलीभाठा में एयरटेल का मोबाइल टावर लगना था। जिसका ठेका मेसर्स इंडस टावर लिमिटेड को मिला है। ठेका कंपनी ने इमलीभाठा निवासी अनिता विश्वकर्मा की जमीन (खसरा नं 668/11) में लगाने का करार किया और अनुमति के लिए कलेक्टर कार्यालय में आवेदन किया। कलेक्टर कार्यालय से एनओसी के लिए नगर पालिका महासमुंद भेजा गया।

नगर पालिका के कर्मचारी गुमान सिंह ध्रुव ने जब स्थल निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे तो मोबाइल टावर लगाने वाली कंपनी ने उन्हें दूसरा स्थल दिखाया और कागजात अनिता विश्वकर्मा के प्रस्तुत किए। नगर पालिका ने स्थल निरीक्षण के आधार पर एनओसी दे दी। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से 3 अक्टूबर 2024 को टावर लगाने की अनुमति दे दी गई। टावर लगाने ठेकेदार ने जब काम शुरु किया तो मोहल्लेवासियों ने इसका विरोध किया। उसके बाद भी ठेकेदार रातों रात काम कराने लगा। जिसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने पार्षद कृष्ण कुमार चंद्राकर को दी और कलेक्टर से शिकायत की।

### उपाध्यक्ष ने स्थानीयों के साथ दिया धरना

कार्रवाई न होता देख पार्षद व उपाध्यक्ष नगरपालिका कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर जिनके घर में टावर लगना था, वहां पर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलने पर कलेक्टर ने सीएमओ को जांच करने का आदेश दिया। नगर पालिका उपाध्यक्ष व पार्षद कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बताया कि टावर लगाने से पहले मोहल्लेवासियों से, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग से अनुमति लेना चाहिए, जो नहीं लिया गया है। साथ ही पास में स्कूल है, इसलिए शिक्षा विभाग से भी अनुमति होना चाहिए, जो नही है।

### विधि सम्मत होगी कार्रवाई

नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने जब स्थल का मुआयना किया तो खुलासा हुआ कि टावर लगाने वाली ठेका कंपनी ने दूसरा स्थल दिखाकर एनओसी प्राप्त किया है। मोहल्लेवासी केमिका चंद्राकर, द्वारिका राम डहरिया ने गलत स्थान पर टावर लगाए जाने का विरोध जताया। नगर पालिका महासमुंद के कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया ठेकेदार ने गलत स्थल बताकर अनुमति ली है, इसलिए काम तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है और गलत स्थल निरीक्षण कराने के विरुद्ध ठेकेदार पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## जंवारा का विसर्जन



महासमुंद। ग्राम नवापारा (परसदा) में ज्योत-जंवारा विसर्जन किया गया।

# सड़क दुर्घटना के तीन मामलों में 2 की मौत, 3 घायल, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्सीडेंट की तीन घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में 2 लोगों की मौत हुई है और एक युवती समेत 3 लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामलों की विवेचना शुरू कर दी है।पहले मामले में बसना पुलिस को प्रार्थी दिनेश पटेल ने बताया कि 10 अक्टूबर को सूचना मिली थी कि चचेरे भाई राजेश पटेल का एक्सीडेंट हो गया है। सरकारी अस्पताल बसना पहुंचकर देखा तो राजेश की मृत्यु हो गई थी एवं उसके दोस्त नरोत्तम पटेल निवासी भंवरपुर व उसके परिचित विजय पारेश्वर निवासी उड़ेला का इलाज चल रहा था नरोत्तम पटेल से पूछा तो उसने बताया कि स्कूटी क्र। सीजी06 एचबी 0143 में साहूडीपा दशकर्म में जा रहे थे। स्कूटी को मैं चला रहा था, राजेश पटेल बीच में नरोत्तम पटेल पीछे बैठा था, जैसे ही एनएच 53 रोड खेमडा ओवरब्रिज पहुंचे थे, सामने से टाटा क्र0 सीजी 07 सीआर 2904 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर हमारी स्कूटी को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसे तीनों को चोटें आई।अस्पताल में डॉक्टर ने डॉक्टर द्वारा चेक कर राजेश की मृत्यु हो जाना बताया । मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। सड़क दुर्घटना के दूसरे मामले को लेकर सांकरा पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर को क्षिरोद्रचंद साहू पिता बृजमोहन साहू (52 वर्ष ) मोहदा सरायपाली वर्तमान पता ग्राम सांकरा जिला महासमुंद ग्राम भतकुंदा वन दुर्गा मंदिर से पूजा पाठ कर मोटर सायकल बिना नंबर की स्पेलेंडर प्लस से वापस सांकरा आ रहा था, ग्राम टेमरी के पास पहुंचने पर पीछे से अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। सिर में चोट आने के बाद इलाज हेतु सीएचसी बसना लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मौत हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा पुलिस ने अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। एक्सीडेंट का तीसरे मामला तुमगांव थाना क्षेत्र का है, जिसमें कंप्यूटर सीखने गई एक युवती घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि 10 अक्टूबर की तिलेश्वरी ध्रुव एवं उसकी सहेली विनिता भिंजराज की स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीजी 5447 से कंप्यूटर सीखने तुमगांव आई थी । करीबन 12 बजे तिलेश्वरी ध्रुव का एक्सीडेंट हो गया है। घटना में युवती के सिर, पैर, हाथ, कंधे में चोट लगी। जिसे जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया। यहां से रेफर होने के बाद परिजनों ने उसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने युवती के पिता को बताया कि ईनोवा कार क्र ओडी 15 एच 8843 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया था।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## आज दशहरा उत्सव, 35 फीट के रावण का दहन किया जाएगा

# हवन पूजन, कन्या भोज के बाद अब विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि के पावन पर्व पर नवमी तिथी के दिन शहर में आस्था और श्रद्धा की अद्भुत छटा देखने को मिली। मां दुर्गा की नवशक्ति स्वरूप सिद्धिदात्री के विशेष पूजन के साथ-साथ शहर भर में जगह-जगह कन्या पूजन, कन्या भोज और भंडारे आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक देवी की आराधना की और कन्याओं को देवी का रूप मानकर पूजित किया।

सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रमुख मंदिरों में भव्य सजावट और विधि-विधान से पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां सिद्धिदात्री का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हवन-पूजन किया और सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। कन्या पूजन के साथ ही कन्या भोज की परंपरा का भी विशेष महत्व रहा। शहर के कई हिस्सों में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जहां छोटी बच्चियों को देवी का स्वरूप मानते हुए उन्हें भोजन कराया गया और उपहार भी भेंट किए गए। श्रद्धालु कन्या पूजन कर जीवन में देवी की कृपा और आशीर्वाद पाने की कामना करते दिखे। इसके साथ ही जगह-जगह भंडारे भी लगाए गए, जिनमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगरवासियों ने बड़े उत्साह के साथ नवरात्रि के इस अंतिम दिन को मनाया। पूजा स्थलों पर सजावट और भव्य आयोजन के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भक्ति ने शहर में अद्वितीय आस्था का वातावरण बनाया।





### 35 फीट रावण का होगा दहन

महासमुंद शहर दशहरा उत्सव का मुख्य समारोह बागबाहरा रोड स्थित रावण भाठा मैदान में होगा। शुक्रवार को दशहरा के दिन इस वर्ष 35 फीट रावण का पुतला दहन किया जाएगा। इसी तरह शाम 5 बजे से रामलीला का मंचन कार्यक्रम दिशा नाट्य कला मंच के कलाकारों द्वारा लाईट एवं साउंड द्वारा किया जाएगा। अग्नि बाण द्वारा रावण का पुतला दहन होगा। दहन के पश्चात आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।

### शहर में तीन जगहों पर होगा रावण दहन

कुम्हार पारा रावण भाठा मैदान में स्थापित किए गए रावण के स्थायी पुतले का दशहरा के बाद पुर्नानिर्माण किया जाएगा। दरअसल, कई वर्ष बनाए गए रावण का पुतला डैमेज हो गया था, जिसे शुक्रवार को हटाने का कार्य किया गया। अब उत्सव के बाद नगरपालिका द्वारा रावण के नए स्थायी पुतले का निर्माण किया जाएगा। वहीं, शहर में तीन स्थानों पर रावण दहन की तैयारी की जा रही है।

संस्कृत शिक्षकों की आवश्यकता
केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केंद्रीय योजना के अंतर्गत महाविद्यालय गुरुकुल आश्रम आमसेना विद्यालय में शिक्षक की आवश्यकता है ।
(पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष) 9वीं से लेकर के शास्त्री, (आचार्य) (M.A.) पर्यंत संस्कृत साहित्य व संस्कृत ग्रामर पढ़ाने के लिए शिक्षकों की आवश्यकता है। b.ed ट्रेनिंग व अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
9437070541/615

## खबर संक्षेप



### कोमाखान में शाही दशहरा पर्व आज

**नर्रा/कोमाखान।** कोमाखान में शाही दशहरा पर्व 12 अक्टूबर शनिवार को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड के सदस्य में नरेंद्र जैन, प्रदीप यादव, वाजित खान आदि ने विधायक निवास पहुंच कर मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि दशहरा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी होंगे। रात्रि में कार्यक्रम दर्शकों के मनोरंजन के लिए लोक बयार संस्कृतिक लोक संस्था आरंग का कार्यक्रम रखा गया है।

### गांजा का सौदा करते तस्कर सहित क्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने ओडिशा से गांजा बेचने रायपुर आए तस्कर तथा गांजा खरीदने आए तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ओडिशा, भवानीपटना से गांजा बेचने आए प्रदीप द्विवेदी तथा गांजा खरीदने आए सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी उधव तांडी, आजाद चौक निवासी शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ढाई लाख रुपए कीमत का साढ़े 12 किलो गांजा जब्त किया है।

### सरिया की कीमत में लगी आग, सीमेंट के दाम फिर बढ़ाने की तैयारी

**रायपुर।** प्रदेशभर में मानसून के कारण निर्माण के सारे काम बंद थे, लेकिन अब मानसून की विदाई की वेला में नवरात्रि से निजी और रीयल एस्टेट के काम प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में सरिया की कीमत में जहां आग लग गई है, वहीं सीमेंट के दाम फिर से बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि प्रदेश सरकार ने सीमेंट कंपनियों से साफ कह दिया है कि दाम बढ़ाने से पहले जानकारी देनी होगी और मंजूरी के बाद ही दाम बढ़ाने होंगे। लेकिन सीमेंट कंपनियां सरकार की बात मान ही नहीं रही हैं। सरकार के कहने के बाद भी जहां नान ट्रेड सीमेंट के बढ़े हुए पूरे दाम वापस नहीं लिए गए हैं, वही खुले बाजार का सीमेंट भी 5 रुपए ज्यादा है। मानसून में बारिश के कारण बीते चार माह से निर्माण कार्यों पर लगभग ब्रेक लगा हुआ था। ऐसा होने से डिमांड न होने के कारण सरिया और सीमेंट की कीमत कम थी, लेकिन बीच-बीच में कीमतों को बढ़ाने का काम भी किया जा रहा था, लेकिन डिमांड न होने के कारण कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। अब जबकि वापस काम प्रारंभ हो गया है और डिमांड वापस आने लगी है तो कीमतों को बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है।


### तहसीलदारों का तबादला सही है या नहीं, समिति करेगी समीक्षा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 18 तहसीलदारों के तबादलों पर रोक लगा दी है। कोर्ट के निर्देश बाद तहसीलदारों को 45 दिन में राज्य सरकार के पास आवेदन देना होगा। इन आवेदनों की समीक्षा करने के लिए एक विभागीय समिति भी बनाई गई है, जो इसका आकलन करेगी कि क्या तहसीलदारों का तबादला नियमों के अनुसार किया गया है या नहीं। राजस्व विभाग द्वारा जारी किए गए तबादले के आदेश के बाद कई तहसीलदार हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गए। इससे तहसीलदारों को राहत मिली है और अब मामले की गहन जांच की जाएगी। विभाग द्वारा गठित समिति यह देखेगी कि जीएडी द्वारा तय किए गए तबादले के नियमों का पालन इन मामलों में किया गया या नहीं। अगर नियमों को पालन किया गया है, तो ऐसे लोगों को तबादले के आदेश का पालन करना होगा। तहसीलदारों के मामले में समिति के निर्णय पर आगे की कार्यवाही तय होगी। बताया जाता है कि अब इस मामले में दिसंबर में कोई नया आदेश जारी होगा। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश पर सभी 18 तहसीलदार पुराने स्थान पर ही पदस्थ रहेंगे।


# विधायक चातुरी नंद ने लिमगांव में किया साप्ताहिक हाट बाजार का उद्घघाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम लिमगांव में साप्ताहिक हाट बाजार का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक नंद ने सर्वप्रथम शुभ खूंटा एवं ग्राम देवता का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में हाट बाजार खुलने से लिमगांव समेत आस पास के गांवों के लोगों को लंबी दूरी का सफर तय नहीं करना पड़ेगा और गांव में ही विभिन्न प्रकार की सब्जियों समेत दैनिक जरूरत की चीजें हाट बाजार में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक हाट बाजार से गांव के छोटे व्यापारियों समेत सब्जी उत्पादक किसानों को भी व्यापार करने का अवसर मिलेगा और उनकी आमदनी में भी बढ़ोत्तरी होगी। विधायक नंद ने ग्रामीणों की मांग पर साप्ताहिक हाट बाजार के समीप नवीन हैंडपंप उत्खनन करने और बिजली कनेक्शन लगाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद एवं कांग्रेस नेता सुरेश भोई, विधायक प्रतिनिधिद्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, सरपंच अक्षय चौधरी, रमेश चौधरी, बालक राम नंद, लोचन चौधरी, मोती लाला चौधरी, राजाराम चौधरी, घनश्याम चौधरी, ऋषभ साहू, महेंद्र राणा, नारायण चौधरी, नरेश चौधरी, संजू भोई, रत्ना बाई, रोशन नाग, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दुर्गा पंडालों में दर्शन कर विधायक ने लिया आशीर्वाद



**सरायपाली।** विधायक चातुरी नंद ने दुर्गाष्टमी पर नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मातारानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक नंद ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में विराजे मातारानी का दर्शन कर आशीर्वाद लेना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान विधायक नंद के साथ विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, दीपक साहू, विभीषण चौहान, दुष्यंत साहू, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय योग स्पोर्ट्स स्पर्धा भिलाई में जिले के भरत को मिला सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### राष्ट्रीय योगा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता असम के लिए भरत चयनित



छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर बालक एवं बालिका योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 9 से 11 अक्टूबर 2024 तक मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन कोहका रोड़ कुरूद भिलाई जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें जिले से 5 खिलाड़ी शामिल हुए। जिले के खिलाड़ियों में पाखी साहू पिता ओमप्रकाश साहू झारा, झरना कुर्रे पिता पन्ना लाल कुर्रे खल्लारी, यश कुमार कुर्रे पिता गणेश राम कुर्रे खल्लारी, भामिनी साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू, भरत साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू गांजर शामिल हुए।

टीम के मैनेजर डॉ. चमन साहू, प्रशिक्षक देवेंद्र दीवान, महिला प्रशिक्षक रेणुका दीप शामिल हुए। भरत साहू ने जूनियर प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करते हुए ट्रेडिशनल इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। जिसके आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं। राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन गुवाहाटी असम में 11 से 14 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जाएगा। पदक जीतने पर खेल अधिकारी, खेल संघ, खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए जिले में गर्मजोशी से स्वागत किया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सचिव योगा संघ गणेश राम कोसरे, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, सहसचिव तोरण यादव, प्रशिक्षक सत्यनारायण दुर्गा, भागवत साहू, चित्रा खटकर, मन्नू निषाद, टीकम साहू, दिलहरण प्रसाद बंजारे व्याख्याता, आनंद लहरे प्रधान आरक्षक यातायात पुलिस व खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## दुर्गा अष्टमी प्रार्थना, उपवास और भक्ति का दिनः साहू



**महासमुंद।** ग्राम परसकोल, मचेवा, लाफिन कला, लाफिन खुर्द, बम्हनी, चिंगरौद, बरौंडाबाजार, परसट्ठी, में पूजा अर्चना कर भाजपा नेता अशवंत तुषार साहू ने जगजननी से समस्त क्षेत्र वासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। भाजपा किसान नेता साहू ने कहा कि पौराणिक मान्यता के अनुसार देवी महागौरी की आयु केवल 8 वर्ष की ही मानी जाती है। महागौरी माता ने नवरात्रि के पूरे आठ दिन तक महिषासुर राक्षस से युद्ध किया था और आठवें दिन महिषासुर का वध किया था इसीलिए नवरात्रि की अष्टमी तिथि को महागौरी की पूजा की जाती है।

# महासमुंद पुलिस का साइबर जनजागरूकता पखवाड़ा

### साप्ताहिक बाजारों, दुर्गा पंडालों में पहुंचकर दी गई अपराध से बचने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की टीम द्वारा 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न स्कूल, कॉलेज, साप्ताहिक बाजारों, दुर्गा पंडालों, गरबा मैदानों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहुंचकर ऑनलाईन खरीदारी, क्रेडिट, डेबिट कार्ड धोखाधड़ी, फर्जी कस्टमर केयर एवं टोल फ्री नंबर तथा सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि से होने वाले सायबर फ्राड संबंधी जानकारी दी जा रही है। महासमुंद पुलिस द्वारा जिले में फेसबुक व इंस्टाग्राम में ऑनलाइव के माध्यम तथा विभिन्न स्थानों में सायबर संबंधी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आमजन को पोस्टर, बैनर, पंपलेट वितरण कर साइबर अपराध एवं उससे बचाव की जानकारी दी जा रही है।

आम जनता को ऑनलाइन खरीदारी, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधडी, फर्जी कस्टमर केयर एवं टोल फ्री नंबर संबंधी फ्रॉड तथा सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सअप आदि से होने वाले सायबर फ्रॉड से बचने एवं संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, मजबूत पासवर्ड बनाए, डेबिट/क्रेडिट कार्ड डिटेल किसी न दे, यूपीआई का उपयोग सावधानी पूर्वक करें, सोशल मीडिया फेसबुक, इस्टाग्राम एवं वाट्सअप में किसी अंजान व्यक्ति से संपर्क न करें, इसके अलावा साइबर अपराध के प्रकार जैसे डिजिटल अरेस्ट (पुलिस अधिकारी या कस्टम अधिकारी या इसी तरह कोई अन्य अधिकारी होने का दावा करते हुए कोई कॉल करता है और आपकी किसी अपराध में संलिप्त बताता है तो उसकी बात में भरोसा ना करके सबसे पहले थाने में खबर करनी है। इन्वेस्टमेंट फ्राड( शेयर मार्केट में निवेश हेतु फर्जी वेबसाइट), क्रिप्टोकरंसी, लोन फ्राड, मार्फिंग(किसी अन्य के फोटो में किसी दूसरे व्यक्ति के होने का आभास होना), डिजिटल ब्लैकमेलिंग, फिशिंग(किसी लिंक पर क्लिक करने से उत्तर का लीक होना), हैकिंग(आपके अकाउंट को दूसरे द्वारा हैक कर लेना), आइडेंटिटी थेफ्ट(किसी अन्य द्वारा कोई और व्यक्ति होने का ढोंग करना) आदि से संबंधित जानकारी देकर आम जनता को जागरूक किया गया। जिला पुलिस महासमुंद सायबर फ्रॉड होने पर नजदीकी पुलिस थाना एवं आनलाईन सायबर फ्राड टोल फ्री नं. 1930 में शिकायत दर्ज करने की अपील भी की है।

## रतन टाटा देश के सच्चे सपूत, उनकी देश सेवा को भुलाया नहीं जा सकताः राशि महिलांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में गरबा नाइट्स आयोजन समिति और गरबा में उपस्थित नगरवासियों ने देश के महान उद्योगपति स्व रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी गई। हाईस्कूल मैदान में श्रीमती महिलांग के संयोजन में गरबा नाइट्स आयोजन समिति और गरबा करने के लिए उपस्थित हुए नागरिकोंजनों ने स्वर्गीय रतन टाटा को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। श्रीमती महिलांग ने स्व रतन टाटा को याद करते हुए कहा कि श्री टाटा देश के लिए किसी रत्न से कम नहीं थे। उन्होंने जितना कार्य उद्योग जगत में किया उससे कहीं ज्यादा कार्य देश सेवा में किया है। इसलिए उन्हें भारत रत्न से नवाजा गया। उनकी देश के प्रति सेवा को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व नपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने भी उन्हें याद करते हुए कहा कि ऐसे बिरले ही उद्योगपति होंगे जिन्होंने न सिर्फ उद्योग के क्षेत्र में अपना नाम किया बल्कि देश सेवा में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। इस दौरान बड़ी संख्या में आयोजन समिति के पदाधिकारी-सदस्यगण व नागरिकगण उपस्थित रहे।

# 34 आबकारी अधिकारियों का तबादला एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आबकारी विभाग के 34 उपायुक्त और सहायक आयुक्त, सहायक आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी विभाग ने तबादले के आदेश जारी करने के साथ ही हाईकोर्ट में कैविएट लगा दिया है, ताकि अफसर कोर्ट जाएं, तो पहले विभाग को अपनी बात रखने का मौका मिल सके। साथ ही विभाग ने सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना के लिए एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश जारी किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त, आबकारी संभागायुक्त उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदलपुर को नवा रायपुर, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार नेताम को रायपुर से जिला आबकारी अधिकारी बेमेतरा, यदुनंदन राठौर संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग को राजनांदगांव, विकास कुमार गोस्वामी को रायपुर से संभागीय उड़नदस्ता अंबिकापुर , राजेश जायसवाल को दुर्ग से मुंगेली, मंजूश्री कसेर को नवा रायपुर से छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर में प्रतिनियुक्ति में भेजा गया है। दिनकर वासनिक को बिलासपुर से आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर, आशीष कोसम की छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए संभागीय उड़नदस्ता जगदलपुर, सौरभ बक्शी को कोरबा से नवा रायपुर, प्रकाश पाल को मुंगेली से राज्य स्तरीय उड़नउस्ता रायपुर, रामुकृष्ण मिश्रा को रायगढ़ से रायपुर, अलेख राम सिदार को कोंडागांव से जांजगीर-चांपा, प्रवीण वर्मा को जांगीर-चांपा से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पदस्थ किया गया है।

## 2500 पदों के लिए रोजगार मेला 8वीं पास भी कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर।** बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने के लिए आगामी दिनों में दो बड़े रोजगार मेला आयोजित होने वाले हैं। इनमें मेगा जॉब फेयर 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर को शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज बैरन बाजार में होगा। यह फेयर जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इससे एक दिन पहले 14 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला विधानसभा रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में रखा गया है।



### जॉब फेयर में ढाई हजार से ज्यादा पद

*जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र के उप संचालक एओ लॉरी ने बताया कि जॉब फेयर ढाई हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की गई है। इसके तहत सिक्यूरिटी, बैंकिंग, मार्केटिंग, बैंक ऑफिस, होटल मैनेजमेंट, शिक्षण एवं हॉस्पिटल सेक्टर में सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, लेबर, आर्म गार्ड्स, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर सर्विस, मैनेजर, एजेंट, सर्वेयर, सेल्स पर्सन, कप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट, नर्सिंग स्टॉफ, टेक्निशियन, स्पोकन इंग्लिश, डांस, स्पोर्ट्स, संगीत टीचर सहित अन्य पदों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इस जॉब फेयर में 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा धारी जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।*







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### जल आवर्धन योजना की समीक्षा, दिसंबर तक क्लोजर रिपोर्ट बनाने अल्टीमेटम

**रायपुर।** बिरगांव निगम में 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिस प्रोजेक्ट को मार्च 2023 में पूरा करना था, वह दो बार समय बढ़ाने के बाद भी अधूरा है। प्रोजेक्ट में विलंब को देखते हुए गुरुवार को महापौर नंदलाल देवांगन ने समीक्षा बैठक की। इसमें निर्माण एजेंसी को दिसंबर तक बचे हुए काम को पूरा करने के साथ ही अब क्लोजर रिपोर्ट बनाने के लिए अधिकारियों को भी निर्देश दिया है।

### विधायक साहू ने किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 8 स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर 82 लाख रुपए से अधिक के नए विकास कार्यों का पार्षद विश्वदिनी पांडे सहित जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। वीवी विहार गली नंबर-1 में नाली निर्माण,आदर्श नगर गली नंबर 8 व 9 में सड़क निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।

# होटलों में अवैध शराब की बिक्री लेकर किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



नगर में नवपदस्थ एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा शिकायत के आधार पर होटलों व ढाबों में अवैध शराब विक्रय पर की जा रही कार्रवाई के तहत बस स्टैंड में दो होटलों में छापामार कार्रवाई की गई। वहीं एक होटल में हुक्का पिलाए जाने की सामग्री जब्त कर होटल को सील कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि कुछ माह पूर्व पूर्व एसडीएम हेमंत नंदनवार द्वारा कार्रवाई करते हुए 3 होटलों पर सील किए जाने की कार्रवाई की गई थी। सरायपाली नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में लगातार अवैध शराब निर्माण व विक्रय के साथ ही देशी व अंग्रेजी शराबों का विक्रय धड़ल्ले से चल रहा है।

कुछ माह पूर्व तक पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई करती रही पर पिछले 2-3 महीनों से अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई लगभग शून्य है। जिसके चलते अवैध शराब की बिक्री घर घर व मोहल्लों में चोरी छिपे बेची जा रही है। शराब बिक्री में मोटी कमाई होने के कारण कई लोग इस व्यवसाय की ओर सहज ही आकर्षित हो रहे हैं। वहीं जगह जगह होटलों, पान दुकानों, व अन्य छोटे छोटे दुकानों में यह सहज हो उपलब्ध हो रहा है। तो वहीं होटलों व भोजनालयों की आड़ में सबसे अधिक देशी व विदेशी शराब सहज ही उपलब्ध हो जाती है। नगर के मध्य एक कथित भोजनालय में सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक व्यवसायी द्वारा खुली शराब बेची जाती है। प्रतिदिन यहां 300-400 खाली डिस्पोजल शराब पीने के बाद नगरपालिका की कचरा गाड़ी को उठाते देखा जा सकता है। इसी तरह इस्लाम मोहल्ले स्थित पुराना भट्टी पारा में एक युवक वर्षों से शराब बेच रहा है। कई बार जेल जाने व कार्रवाई होने के बाद भी शराब बेचा जा रहा है।

होटलों व अन्य स्थानों पर अवैध शराब विक्रय की लगातार मिल रही शिकायत के आधार पर एसडीएम नम्रता चौबे के नेतृत्व में बस स्टैण्ड पास स्थित नमता होटल में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ममता होटल में शराब पिलाते एवं बेचते हुए पाया गया। होटल में गोआ स्पेशल 1 नग पैक एवं 02 खुला (180 एमएल), शोले प्लेन देशी मदिरा (180एमएल) 10 नग पैक वाला मैकडोवल नं 1 (750 एमएल), पार्टी स्पेंडेड, बीयर (पैक) 1 जब्त किया गया तो वहीं हुक्का पिलाने का सामान भी मौके पर पाया गया। सभी शराब व हुक्का सामानों की जप्ती के साथ ही होटल को भी सील कर दिया गया है।

**माता की विदाई**



**नर्रा।** ग्राम गांजर मे जय मां सिद्धिदात्री दुर्गोत्सव समिति बरपारा ( जुन्नापारा ) में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन यात्रा शुक्रवार निकली जिसमें ग्राम के लोग बड़ी संख्या मे शामिल हुए। माता की प्रतिमा को तालाब मे विसर्जित किया गया ।

# किसान संघ की बैठक में प्रांतीय अधिवेशन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय किसान संघ जिला महासमुंद की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष कुबेर गिरि गोस्वामी की उपस्थिति में देव संस्कृति उमा विद्यालय महासमुंद में हुई। बैठक के प्रारंभ में भगवान बलराम की पूजा अर्चना की गई। बैठक में इन जिन विषयों पर चर्चा की गई उनमें प्रांतीय अधिवेशन 15 और 16 अक्टूबर रोहणीपुरम सरस्वती शिक्षण संस्थान रायपुर में होगी, जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। ग्राम, ब्लाक, जिला स्तरीय गठन की सूची जमा करना है। अगर सदस्यता बुक शुल्क सहित जमा करना, राष्ट्रीय पदाधिकारियों का उद्बोधन रैली निकाली जाएगी, दूसरे दिन 16 अक्टूबर को भारतीय किसान संघ की विस्तारपूर्वक गतिविधियों संगठन सुदृढ़ करने हेतु सुझाव व उद्बोधन होगा। इस दौरान बताया गया कि महासमुंद जिले से 30 लोग प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना ब्लाक प्रमुख रूप से कुबेर गिरि, जितेंद्र चंद्राकर, बृजलाल साव, संजय चंद्राकर, राजेंद्र वैष्णव, रोमांतक गिरि, चानक साहू, शत्रुहन साहू, चेतन साहू, दुलेश्वर साहू, पवन साहू, कुंदन साव, पुरुषोत्तम साहू, छन्नू साहू, करन साहू आदि शामिल थे। उक्त जानकारी प्रचार प्रमुख कृष्ण कुमार साहू ने दी।

# स्मृति वन का नाम बदलने और मार्निंग वॉक शुल्क का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्मृति वन का नाम बदलने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा, नाम बदलने की कार्यवाही मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। यह कार्य पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अवमानना का है। साथ ही वन विभाग द्वारा मार्निंग वाक का प्रतिदिन एवं मासिक शुल्क लिये जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा, राजीव स्मृति वन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये विभाग पहले से ही शुल्क ले रहा है। अब विभाग सीधे जनता की जेब में डाका डालने का काम कर रहा है। पूर्ववर्ती सभी सरकारों ने जनता को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से जगह-जगह गार्डन एवं उसमें कसरत के लिये निःशुल्क उपकरण लगाये हैं। वन विभाग तुगलकी फरमान जारी करके अपनी मनमानी पर उतर आया है। वन विभाग के फरमान का कांग्रेसियों ने विरोध किया। उन्होंने मांग की है कि राजीव स्मृति वन का नाम यथावत रखा जाये तथा मार्निंग वाक शुल्क लिये जाने एवं पर्यटकों के प्रवेश शुल्क वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष सहदेव व्यवहार, माधव साहू, पार्षद राजा बंजारे, युकां अध्यक्ष ग्रामीण तीरथ साहू सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

- कांग्रेस महामंत्री पंकज शर्मा के विरोध और कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद विभाग ने वापस लिया फैसला

# बिजली के मीटर हो रहे स्मार्ट, छह सौ करोड़ के पुराने मीटर हो जाएंगे कबाड़


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक दो लाख से ज्यादा पुराने मीटर बदल दिए गए हैं। प्रदेश के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। प्रदेश में 60 लाख उपभोक्ताओं के घरों, व्यापारिक, सरकारी संस्थानों में जो इस समय डिजिटल मीटर लगे हैं, वो करीब छह सौ करोड़ के हैं। आने वाले समय में ये सारे मीटर कबाड़ हो जाएंगे। जहां पहले के लगे मीटर हजार रुपए के आस-पास के हैं, वहीं नए मीटर छह हजार के हैं। इनको लगाने पर करीब चार हजार करोड़ का खर्च आएगा। बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन में लगने वाले मीटर समय के साथ बदले जाते रहे हैं। सबसे पहले चकरी वाले मीटर लगते थे। इनको करीब डेढ़ दशक पहले डिजिटल मीटरों में बदलने का काम किया गया। डिजिटल मीटरों के कुछ साल पहले नए वर्जन आए तो इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इनको लगाने का काम किया। कंपनी के अधिकारियों का कहना है, नए वर्जन वाले मीटर ज्यादातर नए कनेक्शनों में लगाए गए हैं। इसी के साथ जिनके मीटर खराब हुए उनके मीटर बदले गए। सभी मीटरों को नए वर्जन में नहीं बदला गया है। नए वर्जन में कुछ ज्यादा सुविधा है। जैसे इसमें छह माह की रीडिंग देखने की सुविधा है। इन मीटरों को लगाने पर पॉवर कंपनी के एक मीटर के हजार रुपए के हिसाब से करीब छह सौ करोड़ खर्च हुए हैं। इनकी कीमत भी उपभोक्ताओं से ली गई है। लेकिन अब जो नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उनकी कीमत उपभोक्ताओं से नहीं ली जा रही है।



## खबर संक्षेप



### हवन पूजन के साथ लगा आम भंडारा

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द के बजरंग चौक में क्वांर नवरात्रि पर मां दुर्गा पंडाल में हवन पूजन, नौ कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर दुर्गा समिति के तिलक साहू, डायमंड साहू, संजय साहू, छगन विश्वकर्मा, पं सूरज दास वैष्णो, पंडा पुनीत साहू, परस साहू, तानेश्वरी साहू, दुलारी साहू, रूखमणी साहू, सावित्री साहू, टेक्सी मारकंडे, जागेश्वर साहू, रेखू साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### भोपाल विज्ञान मेला में रोहन का चयन

**महासमुंद।** सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा कक्षा 8वीं में अध्ययनरत रोहन ध्रुव का चयन भोपाल में आयोजित वैदिक गणित एवं विज्ञान मेला के लिए हुआ है। इसके पूर्व इन्होंने जिला व प्रांत स्तरीय कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चयन होने पर पालक नैन सिंह, बिसमत बाई, गणेश ध्रुव, तन्नु ध्रुव, रागिनी , लता नेताम समेत ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## कोमाखान में दुर्गोत्सव की धूम


आत्मागोड़ सामाज, घोयनाबाहरा


बस स्टैंड, कोमाखान


बोलबम समिति थानापारा


दुर्गा चौक समिति कोमाखान


गांधी चौक, कोमाखान


नेमी चौक घोयनाबाहरा


सांई मार्केट समिति कोमाखान


सिंह वाहिनी समिति शीतलापारा

### नाराजगी : उड़ेला के ग्रामीणों ने एसडीएम से की लिखित शिकायत, कार्रवाई की मांग

# ग्रामीणों ने पटवारी पर लगाया रिश्वतखोरी का आरोप, आदेश के बावजूद अब तक जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर


छत्तीसगढ़ की साय सरकार एक तरफ गरीबों एवं किसानों के हितों के लिए नए-नए फैसले ले रही है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के महासमुंद जिले में रिश्वत और कमीशनखोरी का खेल जारी है। मामला बसना तहसील के भंवरपुर उपतहसील के रानिमं जमदरहा के अंतर्गत उड़ेला गांव का है, जहां के पटवारी तिलकराम चौधरी पर ग्रामीणों ने रिश्वतखोरी का आरोप लगाया है। साथ ही पटवारी के खिलाफ ग्रामीणों ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है।

बसना तहसील के रानिमं जमदरहा के अंतर्गत हल्का नंबर 05 के अंतर्गत उड़ेला में पदस्थ पटवारी तिलकराम चौधरी पर ग्रामीणों ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने एसडीएम से किए शिकायत आवेदन में बताया है कि पहनं 05 रानिमं जमदरहा तहसील बसना जिला महासमुंद (छग) में पदस्थ पटवारी तिलकराम चौधरी जो कि किसानों से बहुत ही असभ्य व्यवहार करता है एवं हर कार्य के एवज में गांव के गरीब किसानों से पैसे की मांग करता है। डिजिटल साइन एवं प्रमाणीकरण जैसे कार्यों के लिए किसानों से 8 से 10 हजार रुपए का मांग करता हैं। साथ ही गरीब किसानों को हर छोटे - बड़े कार्य के लिए उन्हें 10 से 15 दिन का चक्कर काटने पर मजबूर करता है। जिससे किसान थक हारकर उन्हें पैसे देने पर मजबूर हो जाते है। इसको लेकर ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि उक्त पटवारी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने एवं उसकी जगह दूसरा पटवारी पदस्थ करने की मांग एसडीएम से की है।


ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी द्वारा हमेशा पैसे की मांग करते हुए ग्रामीणों को परेशान किया जाता है। मामले की लिखित शिकायत करते हुए गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत एसडीएम से की गई है, जिसमें उक्त संबंध में जानकारी लेने एसडीएम से संपर्क करने की कोशिश की गई पर नहीं हो पाया। बता दें कि शिकायत के बाद 20 सितंबर को एसडीएम द्वारा इस पर ग्रामीणों का बयान लेकर मामले की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया है, लेकिन आदेश के 20 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जांच नहीं किया गया जो प्रशासन पर सवालिया निशान है। जब हरिभूमि संवाददाता ने इस संबंध में उड़ेला पटवारी से बात करनी चाही तो पटवारी भड़क उठे और बोलने लगे कि दुनिया में हर किसी का कोई शिकायत कर सकता है। मुझे नहीं मालूम क्या हुआ है। मैं व्यस्त चल रहा हूं, ऐसा कहकर काल को डिस्कनेक्ट कर दिया गया। और कोई भी जवाब नहीं दिया गया। पटवारी का यह रवैया एक पत्रकार के लिए इस प्रकार से है तो आम जनों से किस तरह पेश आते होंगे यह तो सोचनीय है। प्रशासन को इस मामले में तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई करना ही आमजनों के हितों में सार्थक साबित होगा।

इस संबंध में नायब तहसीलदार उपतहसील भंवरपुर अर्पण कुमार कुर्रे का कहना है कि मुझे आदेश किया गया है। लेकिन, व्यस्तता के चलते जांच नहीं कर पाया हूं, जांच करते ही सूचित करता हूं।

वहीं ग्राम पंचायत उड़ेला के सरपंच पुरुषोत्तम पटेल का कहना है कि हमारे द्वारा शिकायत की गई है, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी द्वारा जांच के लिए गांव नहीं आए हैं।


प्रति,
श्रीमान् SDM महोदय,
बसना/सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)
विषय:- पटवारी का शिकायत बाबत्।
महोदय,
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प.ह.न.05 रा.नि.म. जमदरहा तहसील बसना जिला महासमुन्द छ.ग. में पदस्थ पटवारी तिलकराम चौधरी जो कि किसानों से बहुत ही गंदा व्यवहार करता है। एवं हर कार्य के एवज में पैसे का डिमांड करता है। डिजिटल साइन एवं प्रमाणिकरण जैसे कार्यों के लिए किसानो से 8से10 हजार रुपये का मांग करता है। और किसान का हर एक कार्य के लिए उनके पीछे 10 से 15 दिन का चक्कर काटने पर मजबूर करता है। ताकि किसान खुद आकर उसे पैसे देने पर मजबूर हो जावे।
हम समस्त ग्रामवासी उड़ेला के किसान इस पटवारी के कार्य से असंतुष्ट है।
अतः महोदय से निवेदन है कि पटवारी के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने एवं हमारे लिए दूसरा पटवारी पदस्त करने की कृपा करेंगे।
प्रार्थी
समस्त ग्रामवासी किसान उड़ेला



### एसडीएम के आदेश की अवेहलना, आदेश के बाद भी जांच नहीं

ग्रामीणों की शिकायत के बाद बसना एसडीएम ने भंवरपुर के नायब तहसीलदार अर्पण कुर्रे को इसकी जांच करने के लिए 20 सितंबर को आदेशित किया गया था। जिसमें आवश्यक जांच कर 03 दिवस के भीतर स्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके बावजूद आज तक कि स्थिति में उक्त शिकायत में नायब तहसीलदार अपर्ण कुर्रे ने कोई भी जांच नहीं किया है, जिससे कहीं न कहीं प्रशासन के इस रवैए से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



### चैतन्य झांकियों की दर्शन करने उमड़े लोग

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नयापारा स्थित उपकार भवन में चैतन्य देवियों की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती की चैतन्य झांकी का दर्शन करने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी पहुंचे। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन एवं समस्त अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी का अवलोकन करते हुए झांकी की शुरुआत की। इस दौरान राजयोग शिक्षा द्वारा अष्ट शक्तियों की प्राप्ति बताई जा रही है, जिस अष्ट शक्तियों के आधार से एकाग्रता के बल से साधारण कन्याएं देवी नजर आ रही है, यदि मनुष्य चाहे तो वह भी राजयोग की शिक्षा से इन देवियों के समान बन सकता है।



### बम्हनी में राम लीला का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में गुरुवार की रात जय दुर्गा लीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में राम बचन चरित्र की लीला का मंचन किया गया। राक्षसों के उपद्रव से त्रस्त विश्वामित्र भगवान राम व लक्ष्मण को मांगने राजा दशरथ के पास गए। यह देख लोग काफी रोमांचित हुए। बम्हनी में मीना बाजार की लीला की भव्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। राम की भूमिका में बाल कलाकार युग साहू व लक्ष्मण की भूमिका में बाल कलाकार निहाल साहू, भरत की भूमिका में साहिल साहू और शत्रुहन की भूमिका में लव साहू ने अभिनय किया। व्यासपीठ पर यद्दु निषाद एवं गिरिद साहू, पुरुषोत्तम साहू एवं सभी लीला मंडली के सदस्यों ने रामचरित मानस की चौपाई से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया।




### खरोरा में हवन पूजन के साथ लगा आम भंडारा



**महासमुंद।** नवरात्र पर्व पर सामाजिक नवदुर्गा समिति बस्ती पारा में दुर्गा अष्टमी पर हवन पूजन हुआ। ग्राम खरोरा में विभिन्न दुर्गा पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व कन्याओं का पूजन किया गया। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। प्रसादी शाम 7 बजे तक वितरण किया। जिसमें श्रद्धालुओं को हलवा, पूड़ी, सब्जी के साथ काले चने का प्रसाद खिलाया गया। भंडारा प्रारंभ करने से पूर्व मां दुर्गा की झांकी सजाकर पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा महिलाएं अपने घरों से कन्याओं के लिए भोजन बनाकर श्रद्धा से कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया। खरोरा के इंदिरा नगर में दुर्गोत्सव समिति द्वारा पूजन-हवन बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए। प्रसाद में खीर-पूड़ी, सब्जी का वितरण किया गया है। खरोरा के दुर्गा पंडाल व खल्लारी मंदिर में महाष्टमी की पूजन-हवन किया गया है। नवरात्रि पर्व में प्रथम दिवस से लोग श्रद्धा-भक्ति भाव से माता की सेवा में लगे हुए थे।

## नम आंखों से माता को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के आठंवा स्वरूप महागौरी एवं दुर्गाष्टमी पर हवन पूजन का कार्यक्रम के बाद कुछ पंडालों में नौ कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया। वही दूसरे दिन शुक्रवार को भी कुछ पंडालों में दुर्गा अष्टमी हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। नौ कन्या भोज के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इसी तरह क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन यात्रा ट्रैक्टर में निकाली गई, जहां जसगीत मंडलियों द्वारा मांदर झांस मंजिरा के थाप पर माता सेवा गीत गाते झूमते हुए ग्राम भ्रमण करते हुए विसर्जन शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुओं माता को नम आंखों से विदाई देते हुए तालाब में विसर्जित किया गया।

### नौ कन्या भोज में बालिकाओं की हुई पूजा अर्चना



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर शुक्रवार को दुर्गा पंडाल सहित देवी मंदिरों व घरों में हवन पूजा हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे समस्त ग्रामवासियों द्वारा कन्या पूजन किया गया। देवी स्वरूप कन्या को भोजन कराने के बाद लोगों ने नवरात्र उपवास का समापन किया। पश्चात कन्याओं को उनके घर जाकर ससम्मान भोजन के लिए आमंत्रित किया। छोटे-छोटे बालिकाओं को साफ आसन पर बैठाकर सभी कन्याओं के पैर धुलाकर, कुमकुम से तिलक लगा कर देवी मां के नौ रूपों में सजाया गया। हार-फूल पहनाएं। बाद स्वागत किया गया। जिसमें उपहार में नए वस्त्र, शिक्षा से संबंधित चीजें, नए जूते-चप्पल, श्रृंगार का सामान दिया गया। इस अवसर पर पर छोटी कन्याओं की पूजा परंपरा अनुसार की गई। छोटी बालिकाओं का देवी का स्वरूप बहुत ही आकर्षक रहा। इनकी विशेष श्रंगार करा कर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा किया। अपने सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा के साथ उपहार भेंट किए गए। नौ कन्या भोज का दौर दोपहर से शाम तक चलता रहा।

